सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 14 | इंदौर, सोमवार 03 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बृजभूषण शरण सिंह की बड़ी जीत, अदालत ने पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप से मुक्त किया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत मिल गई है। दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के पूर्व प्रमुख को आरोप मुक्त घोषित कर दिया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के साथ ही WFI के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को भी आरोप मुक्त कर दिया है।

एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने 6 महिला पहलवानों की ओर से दर्ज कराए गए मामले में अंतिम दलीलें पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। मई 2024 में अदालत ने सिंह के खिलाफ आपराधिक धमकी देने के आरोप तय करने का आदेश दिया था। हालांकि, छह महिला पहलवानों में से एक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में अदालत ने उन्हें पहले ही आरोपमुक्त कर दिया था।

बृजभूषण शरण सिंह ने अदालत के फैसले के बाद पहली प्रतिक्रिया में कहा, 'कोर्ट ने मुझे बाइज्जत बरी किया। मैंने उस दिन कहा था कि मैं खुद फांसी पर लटक जाऊंगा, वह नौबत नहीं आई, आज मैं कोर्ट से जा रहा हूं।' आरोप लगाने वालों और राजनीतिक साजिश के सवालों पर पूर्व सांसद ने कुछ भी कहने से इनकार करते हुए कहा,'चलिए जो हुआ सो हुआ।'

## चाबहार पोर्ट पर भारत ने बढ़ाया फोकस, ईरान के साथ बातचीत जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और ईरान के बीच चाबहार पोर्ट के मैनेजमेंट को लेकर बातचीत जारी है। इस बीच अमेरिका तेहरान के साथ शांति वार्ता का एक नया दौर शुरू करना चाहता है। हालांकि, भारत एक समझौते के बाद ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के हटने का इंतजार कर रहा है। हालांकि, वह चाबहार पोर्ट में अपने हितों की सुरक्षा के लिए समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। भारत ने अक्टूबर 2025 में अमेरिका से पोर्ट के लिए छह महीने की प्रतिबंध छूट हासिल की थी, जो इस साल 25 अप्रैल को खत्म हो गई। इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि सरकार चाबहार पोर्ट के मैनेजमेंट के लिए स्थानीय पोर्ट अथॉरिटी के साथ समझौता करने के लिए ईरान से बातचीत कर रही है। इसमें यह गारंटी होगी कि अमेरिकी प्रतिबंध हटने पर यह अधिकार वापस भारत को सौंप दिया जाएगा। भारत ईरानी सरकार से कानूनी गारंटी मांग रहा है ताकि दोनों पोर्ट अथॉरिटी के बीच हुए समझौते का पालन किया जा सके।

● 'मैं संकल्प लेता हूं कि नशा नहीं करूंगा...'

# सीएम मोहन यादव ने युवाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली से 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' राष्ट्रीय संकल्प अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसी कड़ी में भोपाल के मैनिट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने युवाओं और नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब देश का युवा नशे से मुक्त रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और युवाओं की ऊर्जा ही देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की शक्ति उसकी युवा पीढ़ी में है। इसलिए युवाओं को अपनी क्षमता सही दिशा में लगानी चाहिए और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए।




सीएम यादव ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सम्मान और पारिवारिक रिश्ते सभी कमजोर हो जाते हैं। उन्होंने हाल ही की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि नशे की वजह से दो भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बताती हैं कि नशा किस तरह परिवारों को तबाह कर देता है।

### नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू की गई है और पुलिस ने पूरे महीने विशेष अभियान चलाकर मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भी बराबर भागीदारी जरूरी है।

### नशे के खिलाफ चलेगा जनआंदोलन

उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश में डाकुओं और नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाए गए, उसी तरह अब नशे के खिलाफ भी व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे और स्वस्थ, जागरूक तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

Gen Z प्रदर्शन को लेकर बोले कैलाश विजयवर्गीय

# 'हमने भी लाठियां खाई हैं, लेकिन असंवैधानिक प्रदर्शन नहीं किया'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के कृषि महाविद्यालय में 15 हजार पौधों के वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।**

कार्यक्रम के दौरान विजयवर्गीय ने हाल ही में दिल्ली में हुए GEN Z (जेन-जी) प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां प्रदर्शन करने का सभी को अधिकार है,




लेकिन प्रदर्शन लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई लोगों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा, "हमने भी अपने जीवन में कई आंदोलन किए हैं और लाठियां खाई हैं, लेकिन कभी असंवैधानिक तरीके से प्रदर्शन नहीं किया। दिल्ली में बैठे 500 लोगों ने पूरे विश्व में भारत की छवि खराब करने का काम किया। विजयवर्गीय ने अपने राजनीतिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब आंदोलनों के दौरान पुलिस की लाठियां खानी पड़ती थीं, लेकिन आज वही पुलिस हमारी गाड़ी का दरवाजा खोलती है। यह सब जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी है, लेकिन अपनी बात संविधान और मर्यादा के दायरे में रखनी चाहिए। उन्होंने इमरजेंसी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में बोलने की आजादी पर प्रतिबंध था, जबकि आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के एक मौलाना के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि "ऐसे लोग बेवकूफी भरी बातें करते हैं। उनके खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई होनी चाहिए। दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी वहां निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी।

# तालाब खाली, शहर की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर में 12 फीट पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इस बार जुलाई माह में बारिश तो ठीक-ठाक हुई, लेकिन शहर के तालाबों का जलस्तर ज्यादा नहीं बढ़ पाया है। उन्हें लबालब होने में अगस्त माह पूरा लग सकता है। अभी तक कुछ तालाब आधे तो कुछ आधे से कम भरे हैं। शहर की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब में अभी 12 फीट पानी है, जबकि पिछले साल जुलाई में ही तालाब लबालब होने की स्थिति में था और गेट खोलकर भी तालाब से पानी बहाया गया था। इस तालाब की क्षमता 19 फीट है। अभी भी तालाब सात फीट खाली है।



यशवंत सागर के अलावा दूसरे तालाबों का पानी पेयजल के लिए तो नहीं लिया जाता है, लेकिन ये तालाब आसपास के क्षेत्रों के भूजल स्तर को बढ़ाते हैं। यशवंत सागर के बाद दूसरा बड़ा तालाब बिलावली है, लेकिन उसे भरने में ही ज्यादा वक्त लगता है, क्योंकि बायपास बनने के बाद तालाब की चैनलें अवरुद्ध हो गई और तालाब में पानी काफी धीरे आता है। लिंबोदी तालाब भी इसी कारण खाली रहता है, हालांकि इस तालाब की चैनलों की सफाई के लिए नगर निगम ने विशेष तौर पर अभियान चलाया था। यशवंत सागर तालाब से पश्चिमी क्षेत्र की छह टंकियों में हर दिन 30 एमएलडी पानी लिया जाता है। यह तालाब बारिश के सीजन में लबालब हो जाता है, तो सालभर पानी की चिंता कम रहती है, लेकिन इस बार यह तालाब भी धीरे-धीरे भर रहा है। महू क्षेत्र से इस तालाब का कैचमेंट एरिया जुड़ा है। यदि महू में भी ज्यादा बारिश होती है, तो तालाब का जलस्तर बढ़ जाता है। अभी इंदौर जिले में 16 इंच बारिश हुई है, जो औसत से कम है। अब शहरवासियों को अगस्त में झमाझम बारिश की उम्मीद है।

| तालाब | जलस्तर |
|---|---|
| यशवंत सागर | 12 फीट |
| बड़ी बिलावली | 7.8 फीट |
| छोटी बिलावली | 0.0 फीट |
| बड़ा सिरपुर | 10.9 फीट |
| छोटा सिरपुर | 13.5 फीट |
| पिपलियापाला | 4.0 फीट |
| लिंबोदी | 0.0 फीट |

### महेश्वर रवाना हुई बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा

## यूपी के मौलाना विवाद पर विधायक गोलू शुक्ला का बड़ा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा का शुभारंभ रविवार को भगवान गणेश के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा महेश्वर के लिए रवाना हुई। सोमवार सुबह मां नर्मदा के दुग्धाभिषेक के साथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आयोजकों ने बताया कि दादा गुरुजी के सान्निध्य में निकलने वाली इस यात्रा में कई संत, महामंडलेश्वर और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी महेश्वर पहुंचकर यात्रा में सहभागिता करेंगी। आयोजकों ने यात्रा को धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संरक्षण का अभियान बताया। यात्रा से पहले कांवड़ यात्रियों ने प्रशासन से मांग की कि यात्रा मार्ग पर मांस और मदिरा की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। साथ ही सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान शाकाहार अपनाने का संकल्प लेने की अपील भी की गई। आयोजकों ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सात्विक जीवनशैली और सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देती है। आयोजकों ने यह



भी बताया कि विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम समाज द्वारा कांवड़ यात्रियों का स्वागत और सहयोग किया गया, जिसे सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का सकारात्मक उदाहरण बताया गया। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के एक मौलाना के कथित बयान को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई। इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला ने बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियां धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संबंधित मौलाना इंदौर आता है तो उसका विरोध किया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि वह स्वयं उसका मुँह काला करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले इंदौर में हिंदू संगठनों ने एक थाने का घेराव कर मौलाना के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी। इसके बाद चंदन नगर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महापौर ने पार्षदों से मांगा 4 साल के कामों का हिसाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम परिषद के कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगम के सभी पार्षदों से उनके कामकाज का रिपोर्ट कार्ड मांगा है। 5 वर्ष के कुल कार्यकाल में से 4 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, इसके साथ ही अब कार्यकाल के अंतिम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महापौर ने अपनी परिषद की उपलब्धियों का विस्तृत बहीखाता तैयार करने की दिशा में यह कदम उठाया है।**



इस संबंध में शहर के सभी पार्षदों को एक विशेष संदेश भेजा गया है। प्रत्येक पार्षद से उनके संबंधित वार्ड में किए गए 5 मुख्य विकास कार्यों का पूरा ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके अलावा, पार्षदों को अपने वार्ड में निष्पादित किसी 1 बड़े और प्रमुख कार्य का अलग से उल्लेख करने के निर्देश भी दिए गए हैं। महापौर सभी पार्षदों से प्राप्त रिपोर्ट कार्ड को संकलित कर अपने कार्यकाल की कुल उपलब्धियों का आधिकारिक दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। जिस दिन निगम परिषद के 4 साल पूरे होंगे, उसी दिन इस रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से उपलब्धियों के ब्योरे को जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इस माध्यम से नागरिकों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा कि बीते 4 वर्षों में इंदौर शहर विकास के मामले में एक बेहद महत्वपूर्ण स्थिति में रहा है। इसके साथ ही महापौर के नेतृत्व में शुरू की गई दीर्घकालिक और दूरगामी परियोजनाओं को अलग से प्रदर्शित किया जाएगा। इन प्रमुख योजनाओं में नर्मदा पेयजल योजना का 4वां चरण, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पुराने इंदौर क्षेत्र की पेयजल और ड्रेनेज पाइपलाइनों को बदलने का कार्य, शहर भर में जल वितरण व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नई टंकियों का निर्माण, तथा मास्टर प्लान में प्रस्तावित 23 प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य शामिल है। इन सभी विकास कार्यों को भविष्य के आधुनिक इंदौर के निर्माण के आधार स्तंभ के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

## सावन माह में एमपी टूरिज्म के उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महेश्वर स्थित होटलों में विशेष फलाहारी थाली की व्यवस्था

### 5 स्थानों पर मप्र टूरिज्म ने की है कावड़ यात्रियों के लिए फलाहारी की व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पवित्र श्रावण (सावन) माह के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपी टूरिज्म) द्वारा उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महेश्वर स्थित अपने होटल एवं पर्यटन इकाइयों में विशेष फलाहारी भोजन की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु निर्धारित समय पर पौष्टिक एवं स्वादिष्ट फलाहारी व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे।**

मप्र टूरिज्म मैनेजर श्री श्याम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन शहर के तीन इकाई जिसमें सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज होटल, शिप्रा रेजिडेंसी, होटल उज्जैनी शामिल है। इसी प्रकार खरगोन में नर्मदा रिसोर्ट महेश्वर और



खंडवा जिले के टेम्पल व्यू ओंकारेश्वर सहित कुल 5 स्थानों पर कावड़ यात्रियों (श्रद्धालु) के लिए फलाहारी की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रहा है।

एमपी टूरिज्म की इन इकाइयों में फलाहारी नाश्ता प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक, फलाहारी दोपहर का भोजन (लंच) दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक तथा फलाहारी रात्रि भोजन (डिनर) शाम 7 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा। फलाहारी लंच थाली में भगर उपमा, साबूदाना वड़ा, आलू जीरा, सिंघाड़े की पुड़ी, तली हुई मूंगफली, फलाहारी चिप्स, हरी एवं लाल चटनी, दो प्रकार के मौसमी फल तथा लौकी का हलवा परोसा जाएगा। वहीं फलाहारी डिनर थाली में पतली ग्रेवी वाली आलू की सब्जी, कुट्टू की पुड़ी, साबूदाना खिचड़ी, साबूदाना वड़ा, तली हुई मूंगफली, फलाहारी नमकीन, हरी एवं लाल चटनी, सांवा की खीर तथा दो प्रकार के मौसमी फल शामिल रहेंगे।

एमपी टूरिज्म ने कावड़ यात्रियों (श्रद्धालु) से अपील की है कि वे सावन माह में धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर स्थित एमपी टूरिज्म की इकाइयों में उपलब्ध विशेष फलाहारी का लाभ प्राप्त करें।

## गुलजार हुआ मांडू..:फ्रेंडशिप डे और संडे ने बढ़ाई रौनक... 20 हजार से ज्यादा सैलानी पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर/मांडू।** फ्रेंडशिप डे और रविवार के संयोग से ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू पर्यटकों से गुलजार हो उठी। दिनभर में 20 हजार से अधिक पर्यटक ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने पहुंचे। रिमझिम बारिश, घने कोहरे और कलकल बहते झरनों ने मांडू की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। जहाज महल, रानी रूपमती मंडप, बाज बहादुर महल और हिंडोला महल बादलों की आगोश में नजर आए। कोहरा इतना घना था कि चालकों को दिन में भी हेडलाइट्स जलानी पड़ीं। युवाओं और परिवारों ने झरनों तथा व्यू-पॉइंट्स पर सेल्फी, रील और ग्रुप फोटो लेकर फ्रेंडशिप डे को यादगार बनाया।

# सैन्य सम्मान के साथ मेजर हमजा को किया सुपुर्द-ए-खाक, जनाजे में लगे देशभक्ति के नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजस्थान के जैसलमेर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मेजर हमजा आरिफ का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह इंदौर स्थित राजेंद्र नगर निवास पर पहुंचा। सुबह से ही उनके निवास पर लोगों का तांता लगा हुआ था। सबसे पहले पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया।**



इसके बाद सेना के वाहन में उनकी पार्थिव देह को रखा गया। तिरंगे में लिपटी ताबूत के साथ जनाजा सैनी नगर मस्जिद से आगे बढ़ा। पीछे चल रहे लोगों ने 'शहीद हमजा अमर रहें', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष लगाए। जनाजा माणिकबाग पुल, कलेक्टर चौराहा और राजवाड़ा होते हुए इमली बाजार कब्रिस्तान पहुंचा। नमाज अदा करने के बाद जनाजे को कब्र में उतारने की रस्म हुई और मृत आत्मा की शांति के लिए सभी ने दुआ मांगी। मेजर हमजा की पार्थिव देह तिरंगे में लिपटा हुआ था। दफनाने से पहले सैन्य सम्मान के साथ सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और अंतिम सलामी दी। पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इस विदाई को देखकर कब्रिस्तान में मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं। शव दफनाने से पहले पार्थिव देह से तिरंगे को हटाकर सम्मान के साथ मेजर हमजा की पत्नी को सौंपा गया। पत्नी की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे। मेजर हमजा के परिजनों की आंखें भी नम थीं। मेजर हमजा के परिजन सेना के विशेष वाहन में पार्थिव देह को सड़क मार्ग से लेकर शनिवार सुबह जैसलमेर से निकले थे। देर रात शव इंदौर पहुंचा। सबसे पहले वाहन महू छावनी पहुंचा। वहां मेजर हमजा को श्रद्धांजलि देने के बाद पार्थिव देह को उनके निवास पर लाया गया। गुरुवार देर रात ड्यूटी पूरी कर लौटते समय सेना की टाटा सफारी अचानक सड़क पर आए ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पांच बार पलट गया। हादसे में मेजर हमजा की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल लेफ्टिनेंट आयुष्मान और लेफ्टिनेंट अभिनव राठौड़ का इलाज चल रहा है।यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला व जौहर मानपुर वाला ने बताया कि मेजर हमजा आरिफ की सैफी नगर मस्जिद में जनाजा ए नमाज सैयदना साहब के प्रतिनिधि जनाब शब्बीर भाईसाहब हुसामी ने अदा कराई। बड़ी संख्या में समाजवासी भी जनाजा ए नमाज में शामिल होकर नमाज अदा की। सैफी नगर मस्जिद से शाहिद मेजर हमजा आरिफ का तिरंगे में लिपटा जनाजा सेना के वाहन में इमली बाजार स्थित दाऊदी बोहरा कब्रिस्तान पहुंचा। यहां राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द खाक किया गया। कब्रिस्तान में सैयदना साहब के प्रतिनिधि जनाब शब्बीर भाईसाहब हुसामी, सेना के जवानों, मेजर हमजा आरिफ के पिता फखरुद्दीन आरीफ व परिवारजनों, पत्नी ज्योती अरोड़ा, शहर काजी इशरत अली ने पुष्पचक्र अर्पित किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक मधु वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंतु चौकसे, सादीक खान ने भी उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अवसर पर शेख सैफुद्दीन भाई खंबाती, शेख ताहेर भाई सेठजी वाला, शेख बाकीर भाई दवाई वाला, शेख खुजेमा पेटी वाला, शेख आबिद हुसैन लेमन वाला, शेख तुराब भाई कांच वाला, युनुस सलीम, ताहेर रतलाम वाला, डॉ फजल हुसैन बड़वानी वाला, जुजर देवास वाला, इकबाल चप्पु, फिरोज बेटमा वाला सहित बड़ी संख्या में समाजवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर मेजर हमजा आरिफ अमर रहें के जयकारे भी लगे।

## महिला की आत्महत्या के मामले में पति के खिलाफ मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध थे और वह पत्नी पर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाते हुए लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना करता था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पति ने बेटी को मां से मिलने तक नहीं दिया। पुलिस के अनुसार सुदामा नगर निवासी तनु पाठक ने शिकायत में बताया कि उसकी मां अमिता पुरोहित ने 18 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उनकी मौत हो गई। तनु ने बताया कि घटना की जानकारी उसे चचेरे भाई के फोन से मिली। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसके पिता ललित पुरोहित ने उसे मां से मिलने नहीं दिया।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

# महिला की आत्महत्या के मामले में पति के खिलाफ मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध थे और वह पत्नी पर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाते हुए लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना करता था।**

इसी प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पति ने बेटी को मां से मिलने तक नहीं दिया। पुलिस के अनुसार सुदामा नगर निवासी तनु पाठक ने शिकायत में बताया कि उसकी मां अमिता पुरोहित ने 18 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उनकी मौत हो गई। तनु ने बताया कि घटना की जानकारी उसे चचेरे भाई के फोन से मिली। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसके पिता ललित पुरोहित ने उसे मां से मिलने नहीं दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ललित पुरोहित, निवासी सबनीशबाग, के किसी अन्य महिला से संबंध थे। इसी वजह से वह अमिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था तथा मायके से रुपए लाने के लिए दबाव बनाता था। तनु ने पुलिस को बताया कि रुपए की मांग पूरी करने के लिए उसके नाना कैलाश चंद्र टपरावत ने 19 फरवरी 2018 को भारतीय स्टेट बैंक के चेक के माध्यम से दो लाख रुपए ललित पुरोहित के खाते में ट्रांसफर किए थे। इसके बावजूद वह लगातार पैसों की मांग करता रहा और रुपए नहीं मिलने पर अमिता के साथ मारपीट करता था। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर अमिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने भी अपने बयानों में पति पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। शिकायत और जांच के आधार पर एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध संबंध छिपाने प्रेमी से कराई पति की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चर्चित जावेद मंसूरी हत्याकांड में पुलिस की जांच ने हत्या की पूरी साजिश का पर्दाफाश कर दिया। पत्नी के अवैध संबंधों को छिपाने के लिए रची गई इस हत्या में मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन, होटल के सीसीटीवी फुटेज, डीएनए रिपोर्ट और शव की बरामदगी जैसे साक्ष्य सबसे अहम साबित हुए।

इन्हीं सबूतों के आधार पर कोर्ट ने पत्नी रुखसाना, उसके प्रेमी सद्दाम हुसैन और सहयोगी शाकिर खान को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सद्दाम और शाकिर को साक्ष्य मिटाने का भी दोषी माना गया। 21 अप्रैल 2023 को जावेद मंसूरी घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी पत्नी रुखसाना ने चंदन नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ और कुछ अहम सुराग भी मिले। इसके बाद पुलिस को पता चला कि जिस दिन जावेद लापता हुआ, उसी दिन रुखसाना अपने प्रेमी सद्दाम हुसैन के साथ एक होटल में ठहरी थी। यहीं से जांच की दिशा बदल गई। पुलिस ने सबसे पहले मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन का विश्लेषण किया। इसके बाद होटल के सीसीटीवी फुटेज मिले, जिनमें रुखसाना और सद्दाम कई घंटे तक एक कमरे में साथ दिखाई दिए। अभियोजन के अनुसार, इसी मुलाकात में जावेद की हत्या की अंतिम योजना बनाई गई। बाद में सद्दाम की निशानदेही पर जावेद का शव बरामद हुआ। जांच के दौरान डीएनए रिपोर्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, होटल रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों ने पुलिस की कहानी को मजबूत आधार दिया। कोर्ट ने माना कि इन सभी परिस्थितिजन्य और वैज्ञानिक साक्ष्यों ने ऐसी अटूट श्रृंखला बनाई, जिससे तीनों आरोपियों की भूमिका संदेह से परे साबित हो गई। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रुखसाना और सद्दाम के बीच अवैध संबंध इस हत्या की मुख्य वजह थे। दोनों ने शाकिर खान की मदद से सुनियोजित तरीके से जावेद की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। अभियोजन द्वारा पेश किए गए वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों ने पूरे षड्यंत्र की पुष्टि कर दी।

# रिटायर्ड अफसर से 98 हजार रुपए की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताकर एक रिटायर्ड गैस प्लांट अधिकारी से फोन पर संपर्क किया और फोनपे पर कोड डलवाकर उनके बैंक खाते से 98,560 निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, देवकरण मालवीय कैलिफोर्निया सिटी, भोपाल के रहने वाले हैं और गैस प्लांट से रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 30 जुलाई 2026 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल रामकन्या मालवीय के नाम से है, जिसे ऑनलाइन अपडेट करना होगा, नहीं तो बिल आना बंद हो जाएगा। ठग ने देवकरण मालवीय से फोनपे एप पर एक कोड डालने के लिए कहा। कोड डालते ही उनके इंडियन बैंक खाते से 98,560 एक अज्ञात यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हो गए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि बिल अभी अपडेट नहीं हुआ है और एक दूसरा कोड डालकर उसे व्हाट्सएप के जरिए अपडेट करने को कहा। साथ ही भरोसा दिलाया कि खाते से कटे रुपए जल्द वापस आ जाएंगे। आरोपी ने बाद में एक लिंक भेजकर दोबारा ट्रांजेक्शन कराने का प्रयास किया, लेकिन इस बार ठगी सफल नहीं हो सकी। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

● प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प के राष्ट्रव्यापी अभियान का किया शुभारंभ

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली से 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' के राष्ट्रव्यापी अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। यह अभियान देश के युवाओं को नशे के सेवन से दूर रहने और राष्ट्र के निर्माण में उनकी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग सुनिश्चित करने और समाज विकास की दिशा में जन भागीदारी का आंदोलन है। इस राष्ट्रीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का देश के सभी राज्यों में सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में देश के 24 राज्यों के राज्यपाल, 11 राज्यों के मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सहभागिता की। देश के 28 स्थानों पर अभियान के शुभारंभ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों तथा माय भारत युवा संगठन के सामूहिक एवं सक्रिय प्रयासों से चलाए जाने वाला यह अभियान अगले 100 सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा। अभियान के तहत



नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उन्हें संकल्पित कराया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को समाज सेवा और जन-जागरूकता से जुड़ी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ अवसर पर मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसी कार्यक्रम से अभियान के शुभारंभ में सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां नशामुक्त भारत और नशामुक्त मध्यप्रदेश के लिए सभी को हर प्रकार के नशे से दूर रहने और नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नशामुक्त युवा फार विकसित भारत अभियान कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैनिट से ही प्रधानमंत्री के राष्ट्र संबोधन का श्रवण किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, मैनिट के डायरेक्टर प्रो. मनमोहन कापसे, माय भारत युवा संगठन के राज्य निदेशक श्री मंगलराम जाखड़, आयुक्त जनसम्पर्क श्री मनीष सिंह, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा सहित मैनिट की सभी फैकल्टीज, प्रोफेसर्स तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और युवा साथी उपस्थित थे।

**नशा अपराध नहीं, यह एक बीमारी है, इसका इलाज भी संभव है - केन्द्रीय मंत्री श्री मंडाविया-** अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को अमृत विश्व विद्यापीठम्, फरीदाबाद से वर्चुअली संबोधित करते हुए केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ समाज से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। देश का अमृतकाल चल रहा है। आज की पीढ़ी देश की अमृत पीढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया है। हमारा देश अब खुले में शौच से मुक्त और नक्सली समस्या से मुक्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया मूवमेंट सफलतापूर्वक चल रहा है। आज राष्ट्रव्यापी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ भी प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा ही किया गया। उन्होंने कहा कि नशा कोई अपराध नहीं, यह एक बीमारी है, जिसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि नशे का सिर्फ एक कश, पूरी जिन्दगी को तहस-नहस कर देता है। इसलिए नशे से दूरी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत केवल सरकार का नहीं, यह एक सामाजिक चेतना लाने वाला अभियान है। विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अपने युवाओं को नशे से दूर रखना ही होगा और यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## गोबर के ढेर में नाती को जिंदा गाड़ा

### अविवाहित बेटी के बच्चे का राज छिपाने दफनाया, खुद भी जहर खाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट जिले में अविवाहित बेटी से जन्मे नवजात शिशु को जिंदा दफनाने का मामला सामने आया है। वारासिवनी थाना क्षेत्र के नांदगांव पंचायत में यह घटना हुई। राज छिपाने के लिए नाना ने बच्चे को गोबर के ढेर में गाड़ दिया। इसके बाद नाना ने खुद भी जहर खा लिया, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को घटना की जानकारी 31 जुलाई को मिली थी। हालांकि, तेज बारिश और अंधेरा होने के कारण नवजात का शव 1 अगस्त को निकाला जा सका। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। घटना से पहले रात में आसपास के लोगों को शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी थी। जब पड़ोसियों ने बच्चे के रोने के बारे में परिवार से पूछा, तो वे टालमटोल करने लगे। बच्चे के रोने की आवाज आने और फिर परिजनों के संतोषजनक जवाब न देने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ। सरपंच ने गांव में एक बैठक बुलाई, जहां आशा कार्यकर्ता ने बताया कि परिवार की बेटी कुछ दिनों से गर्भवती थी। संदेह गहराने पर सरपंच ने वारासिवनी पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद मृत शिशु के नाना धारासिंह मड़ावी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारासिवनी पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा महाकाल की पहली सवारी के लिए नया मार्ग तैयार

### 430 मीटर लंबी सड़क बनकर तैयार, सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक चौड़ीकरण पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। श्रावण मास की पहली बाबा महाकाल सवारी से पहले उज्जैन नगर निगम ने एक बड़ी तैयारी पूरी कर ली है। सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक लगभग 430 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा नया मार्ग तैयार हो गया है। सोमवार को पहली बार बाबा महाकाल की सवारी इसी नवनिर्मित मार्ग से होकर गुजरेगी।**

यह मार्ग सत्यनारायण मंदिर से ढाबा रोड और कमरी मार्ग होते हुए छत्री चौक तक फैला है। सवारी मार्ग को लेकर लंबे समय से चल रहा यह महत्वपूर्ण कार्य श्रावण मास की पहली सवारी से ठीक पहले पूरा किया गया है।

पूर्व में यह मार्ग काफी संकरा था, जिससे सवारी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और व्यवस्थाओं को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण होता था।



अब चौड़ी सड़क बनने से श्रद्धालुओं के आवागमन के साथ-साथ सवारी में शामिल रथ, बैंड, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य वाहनों की आवाजाही भी सुगम हो सकेगी।

इस चौड़ीकरण परियोजना में मार्ग के दोनों ओर 122 से अधिक भवन प्रभावित हुए। शहर और महाकाल सवारी के व्यापक हित को देखते हुए कई लोगों ने स्वेच्छा से अपने प्रभावित हिस्सों को हटाया, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो सका।

सड़क निर्माण के अतिरिक्त, पूरे सवारी मार्ग को धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। हरसिद्धि क्षेत्र से रामघाट और सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक की दीवारों पर सिंहस्थ, साधु-संतों और धार्मिक स्थलों से संबंधित आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई गई है। प्रभावित भवनों को ग्रीन नेट से ढका गया है।

इसके साथ ही, सवारी मार्ग पर एक विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया है। नालियों और चैंबरों की सफाई, फायर फाइटर से घाटों की धुलाई, पेयजल व्यवस्था, सूचना संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और अस्थायी अतिक्रमण हटाने जैसे सभी आवश्यक कार्य लगभग पूरे कर लिए गए हैं। ये सभी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को सुरक्षित और बेहतर दर्शन अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई हैं।

## प्रेम संबंध में मामी ने किया भांजे का मर्डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले के मोरवा थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपी महिला के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। महिला रिश्ते में मृतक की मामी लगती थी। मृतक लगातार महिला पर शादी का दबाव बना रहा था, जिससे वह परेशान थी। पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई की सुबह भगत सिंह कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश गुप्ता का शव उनकी कार में मिला था। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिसके बाद हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और संदिग्धों से पूछताछ की। मृतक के संपर्क में रहने वाली प्रिया गुप्ता पर संदेह गहराया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

## भारत को नशा-मुक्तबनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित : राज्यपाल श्री पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान शुभारंभ के वर्चुअल कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रविवार को भोपाल में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज सुख शांति भवन रिट्रीट सेंटर में किया गया था। कार्यक्रम, ब्रह्माकुमारी दीदी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत ब्रह्माकुमारी राजयोग भवन भोपाल द्वारा किया गया था।

स्थानीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के



लिए हर व्यक्ति, परिवार, समुदाय और वर्ग का सहयोग अपेक्षित है। हर व्यक्ति नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा को 365 दिन याद रखें। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ व्यक्ति यदि एक परिवार को नशा मुक्त करेंगे तो देश की 50 करोड़ आबादी नशा मुक्त हो जाएगी।

## 4 लोगों को मारी गोली 2 भाइयों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना जिले के हटूंपुरा गांव में रविवार दोपहर 12 बजे सरकारी जमीन पर कब्जा और कांटों की बाड़ लगाने को लेकर 2 पक्षों में विवाद हुआ। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों ने 2 भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुमावली पुलिस के मुताबिक, फायरिंग में राजवीर गुर्जर (42) और उनके छोटे भाई अजब सिंह उर्फ बंटू (30) को गोली लगी थी। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं विकास गुर्जर और पप्पू उर्फ धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया।

## संपादकीय

# करोड़ों का खर्च, फिर भी लंबित मामलों का पहाड़

साल 2011 से अब तक कोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और न्याय व्यवस्था में टेक्नोलॉजी को शामिल करने पर 9800 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए गए हैं, लेकिन दशकों से लंबित मामलों के निपटारे पर इसका बहुत कम असर हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में 10,000 से ज्यादा मामले 10 साल से ज्यादा समय से लंबित हैं। इनमें 558 मामले 20 साल से ज्यादा और 26 मामले 30 साल से लंबित हैं। देश भर के 25 हाई कोर्ट में 80,000 से ज्यादा मामले तीन दशकों से ज्यादा समय से लंबित हैं। पिछले हफ्ते संसद में एक सवाल के लिखित जवाब में, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मामलों के निपटारे की जिम्मेदारी न्यायपालिका पर डाली, जिसने इनके निपटारे के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की है। उन्होंने आगे कहा कि अदालतों में मामलों का समय पर निपटारा कई बातों पर निर्भर करता है। इनमें जजों और न्यायिक अधिकारियों की पर्याप्त संख्या, कोर्ट का सहयोगी स्टाफ और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता; मामले के तथ्यों की जटिलता; सबूतों की प्रकृति; सभी पक्षों का सहयोग और नियमों व प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन करना शामिल हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने खाली पदों पर जजों की नियुक्ति में तेजी दिखाई है, लेकिन 25 हाई कोर्ट और निचली अदालतों में स्थिति वैसी नहीं है। अभी हाई कोर्ट में जजों के मंजूर पदों की संख्या 1,122 है, जिनमें से 341 पद खाली हैं। वहीं, निचली अदालतों में जजों के मंजूर पदों की संख्या 30,868 है, जिनमें से 7,311 पद खाली हैं। कानून मंत्री ने हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की सिफारिश करने के लिए तय समय-सीमा का पालन न करने के लिए संबंधित हाई कोर्ट कॉलेजियम को जिम्मेदार ठहराया; यही बड़ी संख्या में खाली पदों का मुख्य कारण है। हाई कोर्ट कॉलेजियम में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और दो सबसे सीनियर जज शामिल होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के लिए, जजों की नियुक्ति की सिफारिश भारत के चीफ जस्टिस करते हैं।

## सैर सपाटा

● राजस्थान का एक मात्र हिल स्टेशन बारिश के दिनों में बेहद सुंदर लगता है। इस जगह की खूबसूरती देखकर पर्यटक भी खुश हो जाते हैं। अगर आप यहां जाना चाहते है तो जानिए कैसे प्लान करें ट्रिप और किन चीजों को पैक करें।

# राजस्थान का इकलौता हिल स्टेशन है माउंट आबू

**जानिए कैसे करें ट्रिप प्लान और किन चीजों को करें पैक**





घूमना-फिरना सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप किसी जगह पर घूमने जाते हैं तो रोजाना की भागदौड़ भरी जिंदगी से आराम मिलता है जिसकी वजह से दिमाग रिलैक्स होता है। नई जगहों को देखने और घूमने से दिमाग में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे खुशी देने वाले हॉर्मोन रिलीज होते हैं। अगस्त के महीने में पहाड़ों की खूबसूरती खिल उठती है। इस महीने में अगर आप घूमने फिरने के लिए किसी अच्छी जगह को खोज रहे हैं तो राजस्थान के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू जाएं। ये जगह घूमने फिरने के लिए काफी अच्छी है और दिल्ली में रहते हैं तो वीकेंड ट्रेवल के लिए भी बेहतरीन है। अगर आप इस जगह पर जाना चाहते हैं तो जानिए कैसे करें ट्रिप प्लान और किन चीजों को पैक करें।

### माउंट आबू के लिए ट्रिप कैसे प्लान करें

**माउंट आबू के लिए आप तीन दिन का ट्रिप प्लान कर सकते हैं।**

1. इसमें पहला दिन अपने होटल में चेक-इन करें। कोशिश करें कि आप सुबह के समय ही चेकइन करें। ताकी पूरा दिन आपको घूमने के लिए मिल जाए।
2. पहले दिन आप बोटिंग के लिए नक्की झील जाएं। लोकल मार्केट में घूमें और सनसेट पॉइंट पर सूर्यास्त देखें।
3. इसके अलावा दूसरे दिन मशहूर दिलवाड़ा मंदिर देखें और राजस्थान की सबसे ऊंची चोटी, गुरु शिखर जाएं। इसके अलावा आप अचलगढ़ किला और आस-पास के मंदिर देख सकते हैं।
4. तीसरे दिन टोड रॉक जाएं। अगर आपको प्रकृति पसंद है, तो माउंट आबू वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी घूमें और फिर शाम को घर वापिस लौटें।

### माउंट आबू के लिए ट्रिप क्या पैक करें

1. आरामदायक टी-शर्ट और ट्राउजर रखें। अगस्त की शाम हल्की ठंडी हो सकती है, अगर बच्चे के साथ जा रहे हैं तो फुल स्लीव्स के कपड़े रख सकते हैं।
2. अगर नवंबर से फरवरी के बीच यात्रा कर रहे हैं, तो गर्म कपड़े रखें।
3. मानसून के दौरान रेन कोट और छाता रखें।
4. पहाड़ी इलाकों पर वॉक या ट्रेकिंग के लिए आरामदायक जूते पहनें।
5. फोन चार्जर और पावर बैंक, धूप का चश्मा, सनस्क्रीन और कैप या हैट भी पैक करें।
6. अपनी दवाइयां, बेसिक फर्स्ट-एड किट,बैंडेज, पेन किलर दवा, एंटीसेप्टिक क्रीम भी रखें।
7. अगस्त के महीने में यहां घूमने जा रहे हैं तो कीड़े-मकोड़ों से बचाने वाले क्रीम या स्प्रे जरूर रखें।
8. स्नैक्स जैसे एनर्जी बार या ड्राई फ्रूट्स भी अपने बैग में जरूर रखें।

New Delhi

# मणिपुर में लाखों की अफीम और ब्राउन शुगर जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य की अफीम और ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि चुराचांदपुर जिले में रविवार को 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13.2 किलोग्राम अफीम बरामद की गई।

इसमें कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सेइखोगिन माते के रूप में हुई है। उसे



चुराचांदपुर जिले के संगाइकोट उप-मंडल के टी. खुआंगखाई गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अफीम उसके घर से ही बरामद की गई। एक अन्य घटना में पुलिस ने असम के एक निवासी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की।

यह कार्रवाई रविवार को सेनापति जिले में की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अरुण दत्ता (50) के रूप में हुई है जो असम के डिब्रूगढ़ का रहने वाला है। उसे टी. खुल्लेन जांच चौकी पर तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसके कब्जे से आठ साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई कुल 80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई।

Bihar

## सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर तड़के पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी भीषण आग



**कोसी, (एजेंसी)** बिहार के सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार तड़के बड़ा रेल हादसा टल गया। समस्तीपुर से सहरसा जा रही पैसेंजर ट्रेन (संख्या 63344) के इंजन और उससे सटी एक बोगी में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 3 बजे की है। अंधेरे में ट्रेन से उठती लपटों और धुएं को देखकर स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया और यात्रियों के बीच अफरातफरी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन जैसे ही सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पहुंची, उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें पास की एक बोगी तक पहुंच गईं। उस समय अधिकांश यात्री नींद में थे। आग और धुएं का पता चलते ही बोगी में चीख-पुकार मच गई और यात्री जान बचाने के लिए बाहर निकलने लगे। स्थानीय लोगों और रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी से सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सूचना मिलते ही आरपीएफ, स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को करीब ढाई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। सुबह लगभग 5:30 बजे आग पूरी तरह बुझा दी गई। इसके बाद सुबह 6 बजे के बाद रेल यातायात सामान्य हो सका।

Uttarpradesh

## भूस्खलन से यमुनोत्री-गंगोत्री हाईवे बाधित, प्रशासन ने की अपील-मौसम देखकर ही करें यात्रा

**देहरादून, (एजेंसी) यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्यानाचट्टी, जंगलचट्टी, बनास और बाड़िया सहित कई स्थानों पर मलबा और बोल्डर आने से अवरुद्ध हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की टीम द्वारा मार्ग खोलने का कार्य लगातार जारी है। वहीं, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी हेल्गूगाड़ के पास अवरुद्ध हो गया है। प्रशासन ने यात्रियों से मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेकर ही यात्रा करने की अपील की है।**

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में सोमवार को भी मौसम बदला हुआ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने तीन अगस्त को देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश के साथ बिजली चमकने और गर्जन की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो आठ अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

Paschim bangal

## कांवड़ खंडित होने पर कांवड़ियों का हंगामा, पांच लाख के नुकसान का आरोप दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** सोमवार सुबह छह बजे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एक एंबुलेंस और कांवड़ियों के ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। इस घटना में कांवड़ खंडित होने और ट्रैक्टर को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाते हुए कांवड़ियों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

यह घटना मुरादनगर थाने के पास प्रिया सिनेमा के सामने सुबह करीब 6 बजे हुई। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे नोएडा निवासी एक दर्जन से अधिक शिव भक्तों का ट्रैक्टर-ट्रॉली 108 एंबुलेंस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कांवड़ियों का आरोप है कि एंबुलेंस की टक्कर से उनकी कांवड़ खंडित हो गई और ट्रैक्टर को लगभग पांच लाख



रुपये का नुकसान हुआ है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी और एसीपी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपने नुकसान की भरपाई की मांग पर अड़े रहे।

खेल

# स्वर्ण पदक से चूकीं, पर इतिहास रच गईं लवलीना बोरगोहेन; बनीं भारतीय मुक्केबाजी की नई मिसाल

**ग्लास्गो, (एजेंसी)** भारत की स्टार मुक्केबाज और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में इतिहास रच दिया। महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने के साथ वह मैरी कॉम और विजेंदर सिंह के बाद हर बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली भारत की तीसरी मुक्केबाज बन गई हैं।

यह लवलीना का कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला पदक है। इससे पहले वह दो बार इन खेलों में हिस्सा ले चुकी थीं, लेकिन पोडियम तक नहीं पहुंच सकी थीं। ग्लासगो में उन्होंने इस इंतजार को खत्म कर अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली।

फाइनल मुकाबले में लवलीना का सामना ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री से हुआ। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन जजों ने 4-1 के विभाजित फैसले से



ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज के पक्ष में निर्णय दिया। मुकाबले के दौरान लवलीना ने कई सटीक पंच लगाए और अंत तक संघर्ष किया, लेकिन ग्रीनट्री की आक्रामक रणनीति और बेहतर रिंग कंट्रोल को निर्णायकों ने अधिक अंक दिए।

इस रजत पदक के साथ लवलीना का नाम भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गजों की सूची में और मजबूत हो गया है। उनके खाते में अब ओलंपिक कांस्य, विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो कांस्य, एशियाई खेलों का रजत और कॉमनवेल्थ गेम्स का रजत शामिल हो गया है। उन्होंने 69 किग्रा और 75 किग्रा दोनों भार वर्गों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है।

### भारत के ऐतिहासिक मुक्केबाजी अभियान में अहम योगदान

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने मुक्केबाजी में सात स्वर्ण और तीन रजत समेत कुल 10 पदक जीतकर नया इतिहास रचा। लवलीना का रजत पदक इस ऐतिहासिक अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। हालांकि वह स्वर्ण पदक से चूक गईं, लेकिन उनका यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि वह लगातार बड़े मंचों पर भारत के लिए पदक जीतने वाली सबसे भरोसेमंद मुक्केबाजों में शामिल हैं।

सिनेमा

## इंडिया में आया स्पाइडरमैन का तूफान! 4 दिन में छापे 300 करोड़, टूटे कितने रिकॉर्ड?




मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (MCU) का सबसे पॉपुलर और सबसे ज्यादा प्यार पाने वाला स्पाइडरमैन इस समय इंडिया में जो कहर बरपा रहा है, उसकी उम्मीद शायद ही किसी फिल्म प्रेमी ने की होगी. इस फिल्म को कई लोग पसंद करते हैं, ये तो सब जानते हैं. लेकिन इसे थिएटर्स में देखने का ऐसा क्रेज लोगों में उमड़ पड़ेगा, ये पिक्चर बनाने वालों ने भी नहीं सोचा होगा. खासतौर से इंडिया में. टॉम हॉलैंड वाली स्पाइडरमैन ब्रैंड न्यू डे इंडिया में जिस हिसाब से कमाई कर रही है, वो सचमुच चौंका देने वाले आंकड़े हैं. पहले ही दिन इस फिल्म ने MCU की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी एवेंजर्स एंडगेम का रिकॉर्ड तोड़ा. इंडिया में इसने 60 करोड़ रुपये से ज्यादा का नेट कलेक्शन किया. फिर दो दिनों के अंदर स्पाइडरमैन ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की नेट कलेक्शन किया. जबकि वो दो दिन कामकाजी वाले थे. हालांकि असली धमाका शनिवार-रविवार को हुआ. स्पाइडरमैन ब्रैंड न्यू डे ने अपने तीसरे दिन 70 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए और तीन दिनों में इसकी कमाई 180 करोड़ रुपये नेट के पास पहुंच गई. अब सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, चौथा दिन यानी संडे पिछले सभी दिनों से कई गुना बड़ा साबित हुआ. टॉम हॉलैंड की फिल्म ने संडे को 76-80 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे इसका टोटल नेट कलेक्शन 250 करोड़ के पार जा चुका है.

## Highlights

1. Drugs can get you 'high' but make your entire career & life low: PM Modi to youth
2. Misuse of detention laws: Congress on NSA case against Assam activist
3. How to apply for ₹2,500 monthly aid under Delhi Lakshmi Yojana?
4. What is 'Nasha Mukt Yuva' campaign launched by PM Modi?
5. After NEET leak, NTA floats ₹7.5-crore tender for 24x7 security at HQ, regional offices
6. US man praises Bengaluru hospital's healthcare facilities
7. Australia opens permanent Consulate-General in Bengaluru
8. K'taka toll revenue more than doubles to ₹4,779 crore in 5 years
9. Man dies after train hits him while on phone in Punjab's Jalandhar
10. Bobbili Veena draws attention after PM Modi receives it

# Amazon's AI bet pays off as Jeff Bezos gets $25 billion richer, replaces Brin



**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon shares jumped about 14% shortly after trading opened on Friday. It was the company's biggest one-day gain in more than 10 years. The last time Amazon shares rose this much was on April 24, 2015, when they gained 14.1%.

The big jump came a day after Amazon reported its latest quarterly results. Investors were happy with the numbers, especially the strong growth in Amazon's AI and cloud business. The rise also made Amazon founder Jeff Bezos much richer. His wealth increased by about $25 billion, according to Forbes.

### Amazon beat Wall Street's expectations

Amazon reported $206.6 billion in revenue for the quarter, beating Wall Street's estimate of $197 billion. The company's cloud business, Amazon Web Services (AWS), was also much stronger than expected. AWS sales jumped 37% year over year to $42.2 billion, compared with Wall Street's estimate of $40.5 billion, according to FactSet.

The strong cloud growth is important because AWS is at the center of Amazon's AI strategy. Companies are spending heavily on cloud computing and AI tools, creating strong demand for the infrastructure needed to run AI systems. Amazon's latest results gave investors a sign that the company may be getting real returns from the billions of dollars it is putting into AI.

### AWS growth backs Amazon's AI bet

Amazon's results offered investors an important answer to the question of whether big technology companies are spending too much on AI. Forrester analyst Tracy Woo said Amazon's cloud growth was a "clear indicator" that its investments are "meeting market demand rather than outpacing it", according to Forbes. Her comments suggest Amazon's heavy AI spending is not simply based on expectations about future demand.

Instead, customers are already using more cloud services, helping Amazon generate stronger sales. This is important because technology companies across the industry are increasing spending on AI infrastructure. Investors have been watching closely to see whether customer demand is growing fast enough to justify those massive investments. Amazon's latest AWS numbers suggest, at least for now, that the company is seeing strong demand for the technology it is building.

### Bezos gets $25 billion richer

Amazon's stock rally had a huge effect on Jeff Bezos' personal fortune. The jump in Amazon shares added about $25 billion to Bezos' net worth, according to Forbes. His fortune was estimated at $271.5 billion as of Friday morning. That made Bezos the third-richest person in the world. He ranked behind Google co-founder Larry Page, whose fortune was estimated at $279.3 billion.

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया

### निकाह के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद बिलाल के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।**

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि मोहम्मद बिलाल ने शादी का वादा कर उसका विश्वास जीता और इसी बहाने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने की शर्त रख दी। शिकायत में यह भी आरोप है कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर आरोपी ने युवती के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से आजाद नगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का एक अन्य मामला भी दर्ज है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दोस्तों का इंतजार कर रही थी साहिबा तभी तेज रफ्तार वाहन ने ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। वह दोपहिया वाहन से अपने दोस्तों के साथ ढाबे पर खाना खाने जा रही थी। रास्ता भटक जाने के कारण वह आगे निकल गई थी। दोस्तों से फोन पर बात होने के बाद वह उनके पहुंचने का इंतजार कर रही थी, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान साहिबा (पति मोहम्मद अफसर) के रूप में हुई है। वह महालक्ष्मी नगर में रहती थी। साहिबा अपने दोस्तों सहज और अंकुर के साथ बायपास स्थित एक रेस्तरां में खाना खाने जा रही थी। ढाबे की लोकेशन नहीं मिलने पर वह आगे निकल गई। इस पर दोस्तों ने उसे फोन कर ब्रिज के पास रुककर इंतजार करने के लिए कहा। दोस्त उसके पास पहुंचते, उससे पहले ही अज्ञात वाहन ने साहिबा को टक्कर मार दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वह




गंभीर रूप से घायल और लहूलुहान अवस्था में मिली। दोनों उसे पहले एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद दोस्त शव को अस्पताल में छोड़कर चले गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। पुलिस के अनुसार साहिबा मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी। वह पिछले दो वर्षों से इंदौर में रह रही थी और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़ा काम करती थी। हादसे की सूचना पुलिस ने रात में ही उसके परिजनों को दे दी थी। इसके बाद परिजन सुबह भोपाल से इंदौर पहुंचे।

## RSS शाखा का छात्र ने शेयर किया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर में संघ की शाखा का वीडियो बनाकर एक युवक ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर शेयर दिया। इसमें छात्र संघ के लोगों को धमकाते हुए दिख रहा था। इस मामले में छात्र के खिलाफ पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को जानकारी देकर शनिवार देर रात 2 बजे एफआईआर दर्ज कराई गई।

हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, संघ के सदस्य मोहनलाल मालवीय की शिकायत पर वीणा नगर में रहने वाले छात्र क्षितिज वाने के खिलाफ वीडियो वायरल कर बदनाम करने और धमकाने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मोहनलाल मालवीय संघ के अन्य सदस्य दीपक शर्मा, लोकेंद्र कोष्ठी, लालजी प्रतापत, नितिन विश्वकर्मा और अन्य साथियों के साथ हर दिन नॉर्थ एवेन्यू के खाली मैदान पर आरएसएस की शाखा संचालित करते हैं। यहां सामने ही क्षितिज वाने रहता है। करीब 6 महीने पहले भी वह आया और वीडियो बनाते हुए कहने लगा कि तुम लोग यहां शाखा क्यों लगाते हो? इस दौरान उसे समझाया तो वह वीडियो बनाकर चला गया। इसके बाद क्षितिज वाने ने 6 महीने बाद फिर से वीडियो बनाकर धमकाया। वहीं, फोटो भी वायरल किए। मोहनलाल मालवीय ने बताया कि छात्र ने 'आरएसएस देशद्रोही' नाम से पोस्ट बनाकर भी दो दिन पहले इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। उसने यह सब माहौल खराब करने के लिए किया। हालांकि, संघ के लोगों से चर्चा के बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को मोहनलाल ने जानकारी दी। देर रात संघ के लोगों ने थाने जाकर वीडियो पुलिस को सौंपकर क्षितिज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक